Recommendations of the Committee on the Role of the ICAR

215. SHRI YALLA SESI BHUSHA-NA RAO: Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the Committee set up to review the existing organisational infrastructure, personnel, policies and functional role oi the Indian Council of Agricultural Research strongly urged for increasing the investment on agricultural research in the country;

(b) whether it IS also a fact that the Committee had *recommended* for substantial increase of funds to agricultural research in the remaining years of the Seventh Five Year Plan; and

(c) if so, what action Government have taken on the recommendations made by the Committee?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF AGRICULTURAL RESEARCH AND EDUCATION IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRl HARI KRISHNA SHASTRI): (a) Yes. Sir.

(b) Yes, Sir.

(c) The report of the ICAR Review Committee is under consideration.

216. *[Transferred to the 14th November,* 1988].

फलों, सब्जियों आदि के लिए विशेष प्रसंस्करण योजनाएं

217. **श्री मीर्जा इर्शादबेग :** क्या **खाद्य, प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) फलों, सब्जियों तथा खाद्य तेलों के विशेष प्रसंस्करण के संबंध में विभिन्न योजनाओं का ब्यौरा क्या है ; और

(ख) इस संबंध में ऐसे विशेष कार्यक्रम क्या हैं, जिनके विभिन्न राज्यों में आरम्भ किए जाने की संभावना है ?

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाइटलर) : (क) फल तथा सब्जी प्रसंस्करण के विकास के लिए राज्य सरकार/सहकारी समितियों को सहायता देने के लिए एक प्लान स्कीम है । इसके लिए 1988–89 के दौरान बजट अनुमान 40 लाख रुपये है ।

वनस्पति तेलों के विकास के लिए अनुसधान और विकास के बारे में भी एक प्लान स्कीम है जिसके लिए 1988–89 के बजट अनुमान में 4.6 लाख रुपये की व्यवस्था है ।

(ख) राज्यवार कार्य योजनाओं को अन्तिम रूप देने के लिए सम्बन्धित एजेंसियों के साथ क्षेत्रीय/राज्य स्तरीय बैठकें की जा रही हैं ।

"दि लास्ट टेम्पटेशन आफ क्राईस्ट" फिल्म को दूरदर्शन पर प्रसारित किया जाना

218. **श्री मीर्जा इर्शादबेग :** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या "दि लास्ट टेम्पटेशन आफ क्राईस्ट" फिल्म के दूरदर्शन पर प्रसारण के संबंध में कोई आवेदन पत्र प्राप्त हुआ है, यदि हां, तो जिन व्यक्तियों से ऐसे आवेदन पत्र/आवेदन प्राप्त हुए हैं, उनके नाम क्या है ;

(ख) फिल्म के दूरदर्शन पर प्रसारण के संबंध में क्या निर्णय लिया गया है; और

(ग) क्या आवेदनकर्ताओं को कोई आश्वासन दिए गए हैं; यदि हां तो उनका ब्यौरा क्या है ?

संसदीय कार्य मंत्री तथा सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री एच० के० एल० भगत) : (क) जी नहीं ।